मगर इस **ज़ियादत**[1] के येह मा'ना हैं कि ख़िदमत में, देने में बाप पर मां को तरजीह़ दे मसलन सौ रूपे हैं और कोई वज्हे ख़ास (ख़ास वज्ह) **मानेए तफ़्सीले मादर नहीं**[2] तो बाप को पच्चीस दे मां को पछत्तर, या मां-बाप दोनों ने एक साथ पानी मांगा तो पहले मां को पिलाए फिर बाप को, या दोनों सफ़र से आए हैं पहले मां के पाउं दबाए फिर बाप के, وَعَلٰی هٰذَا الْقِیاس[3], न येह कि अगर वालिदैन में **बाहम तनाज़ोअ़**[4] हो तो मां का साथ दे कर **مَعَاذَاللہ बाप के दरपे ईज़ा हो या उस पर किसी त़रह़ दुरुश्ती करे**[5] या उसे जवाब दे या बे अदबाना आंख मिला कर बात करे, येह सब बातें ह़राम और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की **मा'सियत**[6] हैं, और **अल्लाह** तआ़ला की मा'सियत में न मां की इत़ाअ़त न बाप की, तो उसे मां-बाप में किसी का ऐसा साथ देना हरगिज़ जाइज़ नहीं, वोह दोनों उस की जन्नत व नार हैं, जिसे ईज़ा देगा दोज़ख़ का मुस्तह़िक़ होगा وَالْعِیَاذُبِاللّٰہِ تَعَالٰی[7], मा'सियते ख़ालिक़ में किसी की इत़ाअ़त नहीं, अगर मसलन मां चाहती है कि येह बाप को किसी त़रह़ का **आज़ार**[8] पहुंचाए और येह नहीं मानता तो वोह नाराज़ होती है, होने दे और हरगिज़ न माने, ऐसे ही बाप की त़रफ़ से मां के मुआ़मले में। उन की ऐसी नाराज़ियां कुछ क़ाबिले लिह़ाज़ न होंगी कि येह उन की **निरी ज़ियादती**[9] है कि इस से **अल्लाह** तआ़ला की ना फ़रमानी चाहते हैं बल्कि हमारे उ़लमाए

---

1 .....बार बार वसिय्यत करने
2 .....मां को फ़ौक़िय्यत देने में मुमानअ़त की कोई ख़ास वज्ह नहीं
3 .....और इसी पर क़ियास कर लो। 4 .....बाहम झगड़ा।
5 .....مَعَاذَاللہ (**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की पनाह कि) बाप को तक्लीफ़ पहुंचाने की कोशिश या उस पर किसी त़रह़ सख़्ती करे।
6 .....ना फ़रमानी। 7 .....ख़ुदा की पनाह।
8 .....दुख या तक्लीफ़। 9 .....सरासर ज़ियादती।

www.dawateislami.net

किराम ने यूं तक़्सीम फ़रमाई है कि ख़िदमत में मां को तरजीह़ है जिस की मिसालें हम लिख आए, और ता'ज़ीम बाप की ज़ाइद है कि वोह उस की मां का भी ह़ाकिम व आक़ा है।

''आ़लमगीरी'' में है :

إذا تعذّر عليه جمع مراعاة حقّ الوالدين بأن يتأذّى أحدهما بمراعاة الآخر يرجّح حقّ الأب فيما يرجع إلى التعظيم والاحترام وحقّ الأمّ فيما يرجع إلى الخدمة والإنعام، وعن علاء الأئمّة الحمامي قال مشايخنا رحمهم اللّٰه تعالى: الأب يقدم على الأمّ في الاحترام والأمّ في الخدمة حتى لو دخلا عليه في البيت يقوم للأب ولو سألا منه مآء ولم يأخذ من يده أحدهما فيبدأ بالأمّ كذا في "القنية"، واللّٰه سبحانه وتعالى أعلم وعلمه جلّ مجده أحكم[1]۔

जब आदमी के लिये वालिदैन में से हर एक के ह़क़ की रिआ़यत मुश्किल हो जाए मसलन एक की रिआ़यत से दूसरे को तक्लीफ़ पहुंचती है तो ता'ज़ीम व एह़तिराम में वालिद के ह़क़ की रिआ़यत करे और ख़िदमत में, देने में वालिदा के ह़क़ की, अ़ल्लामा हुमामी ने फ़रमाया हमारे इमाम फ़रमाते हैं कि : एह़तिराम में बाप मुक़द्दम है और ख़िदमत में मां, ह़त्ता कि अगर घर में दोनों उस के पास आए हैं तो बाप की ता'ज़ीम के लिये खड़ा हो और अगर दोनों ने उस से पानी मांगा और किसी ने उस के हाथ से पानी नहीं पकड़ा तो पहले वालिदा को पेश करे, इसी त़रह़ ''कुनिया'' में है।

واللّٰه سبحانه وتعالى أعلم وعلمه جلّ مجده أحكم.

---

1 ..... "الهندية"، كتاب الكراهية، الباب السادس والعشرون، ج٥، ص٣٦٥، و"القنية"، كتاب الكراهية، ص٢٤٢.

www.dawateislami.net

मस्अलए राबिआ़

माबैने ज़न व शोहर[1] हक़ ज़ियादा किस का है और कहां तक ?

अल जवाब

ज़न और शोहर में हर एक के दूसरे पर **हुक़ूक़े कसीरा**[2] वाजिब हैं इन में जो बजा न लाएगा अपने गुनाह में गिरिफ़्तार होगा, **एक अगर अदाए हक़ न करे तो दूसरा इसे दस्तावेज़ बना कर उस के हक़ साक़ित नहीं कर सकता मगर वोह हुक़ूक़ कि दूसरे के किसी हक़ पर मब्नी हों अगर येह उस का ऐसा हक़ तर्क करे वोह दूसरा उस के येह हुक़ूक़ कि उस पर मब्नी थे तर्क कर सकता है जैसे औ़रत का नानो नफ़्क़ा कि शोहर के यहां पाबन्द रहने का बदला है, अगर ना हक़ उस के यहां से चली जाएगी जब तक वापस न आएगी कुछ न पाएगी**[3] ग़रज़ वाजिब होने, मुत़ालबा होने, बे वज्हे शरई अदा न करने से गुनहगार होने में तो हुक़ूक़े ज़न व शोहर बराबर हैं हां ! **शोहर के हुक़ूक़ औ़रत पर ब कसरत हैं और इस पर वुजूब भी अशद्द व आकिद**[4], हम इस पर ह़दीस लिख चुके कि औ़रत पर सब से बड़ा हक़ शोहर का है या'नी मां-बाप से भी ज़ियादा, और मर्द पर सब से बड़ा हक़ मां का है या'नी ज़ौजा का (हक़) उस से (या'नी मां से) बल्कि बाप से भी कम, وَذٰلِكَ بِمَا فَضَّلَ اللّٰهُ بَعْضَهُمْ عَلٰى بَعْضٍ[5] ۔ واللّٰہ تعالی أعلم.

---

1 .....मियां और बीवी के दरमियान। 2 .....बहुत से हुक़ूक़।

3 .....अगर शोहर या बीवी में से कोई एक दूसरे का हक़ अदा न करे तो दूसरा इसे दलील बना कर उस के हक़ की अदाएगी को नहीं छोड़ सकता मगर वोह हुक़ूक़ कि दूसरे के किसी हक़ को अदा करने पर क़ाइम हों और उस ने वोह हक़ अदा करना भी छोड़ दिया तो दूसरा भी उस के येह हुक़ूक़ जो इस पर क़ाइम थे छोड़ सकता है मिसाल के त़ौर पर बीवी कि उस का नान-नफ़्क़ा शोहर पर उसी सूरत में लाज़िम है कि बीवी शोहर के घर रहे चुनान्चे, अगर बीवी शोहर के यहां से बिग़ैर किसी शरई मजबूरी के चली जाए तो अब शोहर पर उस का नफ़्क़ा वाजिब नहीं यहां तक कि वोह लौट आए।

4 .....और शोहर के हुक़ूक़ की अदाएगी औ़रत पर बहुत ज़ियादा लाज़िम और ज़रूरी है।

5 .....और येह इस वज्ह से है कि **अल्लाह** तआ़ला ने उन के बा'ज़ को बा'ज़ पर फ़ज़ीलत दी है।

www.dawateislami.net

मस्अला : मसऊलए शौकत अ़ली साहिब फ़ारूक़ी 14 रबीउ़ल आख़िर 1320 हिजरी مَا قَوْلُكُم رَحِمَكُمُ اللّٰهُ تَعَالٰی इन दर ई मस्अला (आप पर अल्लाह तआ़ला की रह़मत हो, इस मस्अले के बारे में आप का क्या इरशाद है। ت) कि बा'द फ़ौत हो जाने वालिदैन के औलाद पर क्या ह़क़ वालिदैन का रहता है ? بَيِّنُوْا بِالْكِتَابِ تُؤْجَرُوْا بِالثَّوَابِ

अल जवाब

(1) सब से पहला ह़क़ बा'दे मौत उन के जनाज़े की **तजहीज़**[1] ग़ुस्ल व कफ़न व नमाज़ व दफ़्न है और इन कामों में सुननो मुस्तह़ब्बात की रिआ़यत जिस से उन के लिये हर ख़ूबी व बरकत व रह़मत व वुस्अ़त की उम्मीद हो।

(2) उन के लिये दुआ़ व इस्तिग़फ़ार हमेशा करते रहना इस से कभी ग़फ़्लत न करना।

(3) सदक़ा व ख़ैरात व **आ'माले सालिह़ा का सवाब**[2] उन्हें पहुंचाते रहना ह़स्बे त़ाक़त इस में कमी न करना, अपनी नमाज़ के साथ उन के लिये भी नमाज़ पढ़ना, अपने रोज़ों के साथ उन के वासिते़ भी रोज़े रखना बल्कि जो नेक काम करे सब का सवाब उन्हें और सब मुसलमानों को बख़्श देना कि उन सब को सवाब पहुंच जाएगा और उस के सवाब में कमी न होगी बल्कि बहुत तरक़्क़ियां पाएगा।

(4) उन पर कोई क़र्ज़ किसी का हो तो उस के अदा में ह़द दरजे की जल्दी व कोशिश करना और अपने माल से उन का क़र्ज़ अदा होने को दोनों जहान की

---

1 .....जनाज़े की तय्यारी। 2 .....नेक आ'माल का सवाब।

www.dawateislami.net

सआ़दत समझना, आप क़ुदरत न हो तो और अ़ज़ीज़ों क़रीबों फिर बाक़ी **अहले ख़ैर**[1] से उस की अदा में इमदाद लेना।

(5) उन पर कोई फ़र्ज़ रह गया तो ब क़दरे क़ुदरत **उस के अदा में सई बजा लाना**[2], ह़ज न किया हो तो **ख़ुद उन की त़रफ़ से ह़ज करना**[3] या ह़ज्जे बदल कराना, ज़कात या **उ़श्र**[4] का मुत़ालबा उन पर रहा तो उसे अदा करना, **नमाज़ या रोज़ा बाक़ी हो तो उस का कफ़्फ़ारा**[5] देना وَعَلٰی هٰذَا الْقِیاس[6] हर त़रह़ **उन की बराअते ज़िम्मा**[7] में जिद्दो जह्द करना।

---

1 .....नेक मालदारों। 2 .....उस की अदाएगी में कोशिश करना।

3 .....या'नी नाइब के त़ौर पर दूसरे की त़रफ़ से ह़ज्जे फ़र्ज़ अदा करना कि जिस से उस दूसरे शख़्स का फ़र्ज़ अदा हो जाए, येह कुछ शराइत़ से मशरूत़ है जो "फ़तावा रज़विय्या", जि. 10, स. 659-660 पर मज़कूर हैं।

4 .....उ़श्र दसवें ह़िस्से को कहते हैं और शरअ़न उ़श्र से मुराद वोह ज़कात है जो उ़श्री ज़मीन (या'नी वोह ज़मीन जिसे बारिश वग़ैरा का पानी सैराब करे) में ज़राअ़त से मनाफ़ेअ़ ह़ासिल करने की वज्ह से लाज़िम हो तो अब उस पैदावार की ज़कात फ़र्ज़ है और इस ज़कात का नाम उ़श्र है या'नी दसवां ह़िस्सा कि अक्सर सूरतों में दसवां ह़िस्सा फ़र्ज़ है अगर्चे बा'ज़ सूरतों में निस्फ़ उ़श्र या'नी बीसवां ह़िस्सा लिया जाएगा। (बहारे शरीअ़त, जि. 1, ह़िस्सा 5, स. 916 मुलख़्ख़सन)

5 .....एक नमाज़ का कफ़्फ़ारा (फ़िदया) एक सदक़ए फ़ित्र है एक सदक़ए फ़ित्र की मिक़्दार तक़रीबन दो किलो और पचास ग्राम गेहूं या इस का आटा या इस की रक़म है। एक दिन में छे नमाज़ें : पांच फ़र्ज़ और एक वित्र वाजिब हैं चुनान्चे, एक दिन की नमाज़ों के छे फ़िदये देने होंगे और एक रोज़े का फ़िदया भी एक सदक़ए फ़ित्र है याद रहे कि नमाज़ों का फ़िदया बा'दे वफ़ात ही दिया जा सकता है और रोज़ों का फ़िदया ज़िन्दगी में भी दिया जा सकता है जब कि ऐसी बीमारी में मुब्तला हो गया कि अब सिह्ह़त याब होने की उम्मीद न हो या बहुत ज़ियादा बूढ़ा हो गया हो जिसे "शैख़े फ़ानी" कहते हैं।

6 .....इसी पर मज़ीद क़ियास कर लें।

7 .....उन के ज़िम्मे पर जो ह़ुक़ूक़ लाज़िम हैं उन से छुटकारा दिलाने।

www.dawateislami.net

(6) उन्हों ने जो **वसिय्यते जाइज़ा शरइय्या**[1] की हो ह़त्तल इमकान उस के निफ़ाज़ में सई करना अगर्चे शरअ़न अपने ऊपर लाज़िम न हो, अगर्चे **अपने पर बार**[2] हो मसलन वोह निस्फ़ जाइदाद की वसिय्यत अपने किसी अ़ज़ीज़ ग़ैर वारिस या अजनबी मह़ज़ के लिये कर गए तो **शरअ़न तिहाई माल से ज़ियादा में बे इजाज़ते वारिसान नाफ़िज़ नहीं**[3] मगर औलाद को मुनासिब है कि उन की वसिय्यत मानें और उन की **ख़ुशी**[4] पूरी करने को **अपनी ख़्वाहिश पर मुक़द्दम जानें ।**[5]

(7) उन की क़सम **बा'दे मर्ग भी**[6] सच्ची ही रखना मसलन मां-बाप ने क़सम खाई थी कि मेरा बेटा फुलां जगह न जाएगा या फुलां से न मिलेगा या फुलां काम करेगा तो उन के बा'द येह ख़याल न करना कि अब वोह तो हैं नहीं उन की क़सम का क्या ख़याल, नहीं **बल्कि उस का वैसे ही पाबन्द रहना जैसा उन की ह़यात में रहता जब तक कोई ह़रजे शरई मानेअ़ न हो**[7] और कुछ **क़सम ही पर मौक़ूफ़ नहीं हर त़रह़ उमूरे जाइज़ा में बा'दे मर्ग**[8] भी उन की मर्ज़ी का पाबन्द रहना ।

(8) हर जुमुआ़ को उन की ज़ियारते क़ब्र के लिये जाना, वहां يٰسٓ शरीफ़ ऐसी आवाज़ से कि वोह सुनें पढ़ना और उस का सवाब उन की रूह़ को पहुंचाना, राह में जब कभी उन की क़ब्र आए बे सलामो फ़ातिह़ा न गुज़रना ।

---

1 .....ऐसी वसिय्यत जो शरअ़न जाइज़ है । 2 .....अपनी जान पर बोझ व मशक़्क़त ।
3 .....शरअ़न एक तिहाई माल से ज़ियादा में वारिसों की इजाज़त के बिग़ैर वसिय्यत जारी नहीं होती ।
4 .....ख़्वाहिश । 5 .....अपनी ख़्वाहिश पर फ़ौक़िय्यत दें ।
6 .....वफ़ात के बा'द भी ।
7 .....उन की वफ़ात के बा'द भी उन की खाई हुई क़सम पूरी करे जब तक कि शरीअ़ते मुत़ह्हरा की ना फ़रमानी लाज़िम न आए ।
8 .....येह हुक्म सिर्फ़ क़सम ही पर ठहरा हुवा नहीं बल्कि हर जाइज़ काम में वफ़ात के बा'द ।

www.dawateislami.net

(9) उन के रिश्तेदारों के साथ उ़म्र भर नेक सुलूक किये जाना।

(10) उन के दोस्तों से दोस्ती निबाहना हमेशा उन का ए'ज़ाज़ व इकराम रखना।

(11) कभी किसी के मां-बाप को बुरा कह कर जवाब में उन्हें बुरा न कहलवाना।

(12) सब में सख़्त तर व आ़म तर व **मुदाम तर**[1] येह ह़क़ है कि कभी कोई गुनाह कर के उन्हें क़ब्र में रन्ज (ईज़ा) न पहुंचाना, उस के सब आ'माल की ख़बर मां-बाप को पहुंचती है, नेकियां देखते हैं तो ख़ुश होते हैं और उन का चेहरा फ़रह़त से चमकता और दमकता रहता है, और गुनाह देखते हैं तो रन्जीदा होते हैं और उन के क़ल्ब (दिल) पर सदमा होता है मां-बाप का येह ह़क़ नहीं कि क़ब्र में भी उन्हें रन्ज पहुंचाइये।

अल्लाह ग़फ़ूरुर्रह़ीम अ़ज़ीज़ करीम جَلَّ جَلَالُهٗ सदक़ा अपने ह़बीब रऊफ़ुर्रह़ीम علیہ وعلی آلہ أفضل الصلاۃ والتسلیم का हम सब मुसलमानों को नेकियों की तौफ़ीक़ दे, गुनाहों से बचाए, हमारे अकाबिर की क़ब्रों में हमेशा नूर व सुरूर पहुंचाए कि वोह क़ादिर है और हम आ़जिज़, वोह ग़नी है हम मोह़ताज,

وحسبنا اللّٰه ونعم الوكيل نعم المولى ونعم النصير ولا حول ولاقوّة إلّا باللّٰه العليّ العظيم، وصلّى اللّٰه تعالى على الشفيع الرفيع العفوّ الكريم الرؤوف الرحيم سيّدنا محمّد وآله وأصحابه أجمعين آمين!

والحمد للّٰه ربّ العالمين[2]۔

---

1 .....या'नी हमेशा हमेशा के लिये।

2 .....और **अल्लाह** हम को काफ़ी और बेहतरीन कारसाज़, क्या ही बेहतरीन आक़ा और बेहतरीन मददगार, न नेकी करने की ताक़त और न गुनाहों से बचने की क़ुव्वत है मगर **अल्लाह** बुलन्द व अ़ज़ीम ही की तौफ़ीक़ से, और **अल्लाह** तआ़ला का दुरूद हो शफ़ाअ़त फ़रमाने वाले, बुलन्द, मेहरबान, करम फ़रमाने वाले रऊफ़ुर्रह़ीम हमारे सरदार मुह़म्मद और उन की आल और उन के तमाम अस्ह़ाब पर, और सब ख़ूबियां **अल्लाह** को जो सारे जहान वालों का पालने वाला है।

www.dawateislami.net

अब वोह ह़दीसें जिन से फ़क़ीर ने **येह हुक़ूक़ इस्तेख़्राज किये**[1] उन में से बा'ज़ **ब क़दरे किफ़ायत ज़िक्र करूं :**[2]

ह़दीस 1 : कि एक अन्सारी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ ने ख़िदमते अक़्दस हुज़ूरे पुरनूर सय्यिदे आ़लम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم में ह़ाज़िर हो कर अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह ! मां-बाप के इन्तिक़ाल के बा'द कोई त़रीक़ा उन के साथ **नेकोई**[3] का बाक़ी है जिसे मैं बजा लाऊं । फ़रमाया :

((نَعَمْ! أَرْبَعَةٌ: اَلصَّلَاةُ عَلَيْهِمَا وَالْاِسْتِغْفَارُ لَهُمَا، وَإِنْفَاذُ عَهْدِهِمَا مِنْ بَعْدِهِمَا، وَإِكْرَامُ صَدِيْقِهِمَا، وَصِلَةُ الرَّحِمِ الَّتِيْ لَا رَحِمَ لَكَ إِلَّا مِنْ قِبَلِهِمَا فَهٰذَا الَّذِيْ بَقِيَ مِنْ بِرِّهِمَا بَعْدَ مَوْتِهِمَا))، رواه ابن النجار عن أبي أسيد الساعدي رضي الله تعالى عنه مع القصّة [4]، ورواه البيهقي في "سننه" عنه -رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالَى عَنْهُ - قَالَ: ((قَالَ رَسُوْلُ اللّٰهِ صَلَّى اللّٰهُ تَعَالَى عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:

हां चार बातें हैं : उन पर नमाज़ और उन के लिये दुआ़ए मग़्फ़िरत, और उन की वसिय्यत नाफ़िज़ करना, और उन के दोस्तों की बुज़ुर्ग दाश्त (इ़ज़्ज़त), और जो रिश्ता सिर्फ़ उन्हीं की जानिब से हो नेक बरताव से उस का क़ाइम रखना, येह वोह नेकोई है कि उन की मौत के बा'द उन के साथ करनी बाक़ी है । (इब्ने नजार ने अबू उसैद साअ़दी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से इसी क़िस्से के साथ रिवायत किया । और बैहक़ी ने अपनी "सुनन" में इन्हीं رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया,

---

1 .....येह हुक़ूक़ निकाले हैं ।
2 .....हस्बे ज़रूरत ज़िक्र करता हूं ।
3 .....नेकी करने ।
4 ....."كنز العمال"، كتاب النكاح، قسم الأفعال، باب في برّ الوالدين والأولاد ... إلخ، الحديث: ٤٥٩٢٦، الجزء: ١٦، ص٢٤٣، (بحوالہ ابن نجار).

www.dawateislami.net

لَا يَبْقَى لِلْوَلَدِ مِنْ بِرِّ الْوَالِدِ إِلَّا أَرْبَعٌ: اَلصَّلَاةُ عَلَيْهِ وَالدُّعَاءُ لَهُ وَإِنْفَاذُ عَهْدِهِ مِنْ بَعْدِهِ وَصِلَةُ رَحِمِهِ وَإِكْرَامُ صَدِيْقِهِ)) [1]۔

कहा : फ़रमाया रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने : वालिद के साथ नेकी की चार बातें हैं : उस पर नमाज़ पढ़ना और उस के लिये दुआए मग़्फ़िरत करना, उस की वसिय्यत नाफ़िज़ करना, उस के रिश्तेदारों से नेक बरताव करना, उस के दोस्तों का एह़तिराम करना। ت)

ह़दीस 2 : कि रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

((اِسْتِغْفَارُ الْوَلَدِ لِأَبِيْهِ مِنْ بَعْدِ الْمَوْتِ مِنَ الْبِرِّ)) رواه ابن النجار عن أبي أسيد مالك بن زرارة رضي اللّٰه تعالى عنه [2]۔

मां-बाप के साथ नेक सुलूक से येह बात है कि औलाद उन के बा'द उन के लिये दुआए मग़्फ़िरत करे (इब्ने नजार ने अबू उसैद मालिक बिन ज़रारा رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه से इसे रिवायत किया। ت)

ह़दीस 3 : कि फ़रमाते हैं रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((إِذَا تَرَكَ الْعَبْدُ الدُّعَاءَ لِلْوَالِدَيْنِ فَإِنَّهُ يَنْقَطِعُ عَنْهُ الرِّزْقُ))، رواه الطبراني في "التأريخ" والديلمي

आदमी जब मां-बाप के लिये दुआ छोड़ देता है उस का रिज़्क़ क़त़्अ हो जाता है। (त़बरानी ने "तारीख़" में और दैलमी

1 ....."السنن الكبرى"، كتاب الجنائز، باب ما يستحب لولي الميّت من التعجيل... إلخ، الحديث: ٧١٠٢، ج٤، ص١٠٢.

2 ....."كنز العمال"، كتاب النكاح، قسم الأقوال، الباب الثامن في برّ الوالدين، الحديث: ٤٥٤٤١، الجزء١٦، ص١٩٢، (بحوالہ ابن نجار).

www.dawateislami.net

ने अनस बिन मालिक رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से इसे रिवायत किया। ت)

عن أنس بن مالك رضي اللّٰه تعالى عنه[1]۔

ह़दीस 4 व 5: कि फ़रमाते हैं صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :

जब तुम में कोई शख़्स कुछ नफ़्ल ख़ैरात करे तो चाहिये कि उसे अपने मां-बाप की त़रफ़ से करे कि इस का सवाब उन्हें मिलेगा और उस के सवाब में कुछ न घटेगा (इस ह़दीस को त़बरानी ने ''औसत़'' में और इब्ने अ़साकिर ने अ़ब्दुल्लाह बिन अ़म्र رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا से रिवायत किया और ऐसे ही दैलमी ने ''मुस्नदे फ़िरदौस'' में मुआ़विय्या इब्ने ह़ैदा कुशैरी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया। ت)

((إِذَا تَصَدَّقَ أَحَدُكُمْ بِصَدَقَةٍ تَطَوُّعاً فَلْيَجْعَلْهَا عَنْ أَبَوَيْهِ فَيَكُوْنُ لَهُمَا أَجْرُهَا وَلَا يَنْقُصُ مِنْ أَجْرِهِ شَيْئًا))، رواه الطبراني في "الأوسط" وابن عساكر عن عبد اللّٰه بن عمرو -رضي اللّٰه تعالى عنهما- ونحوه الديلمي في "مسند الفردوس" عن معاوية بن حَيْدَة القُشَيْرِيْ رضي اللّٰه تعالى عنه[2]۔

ह़दीस 6 : कि एक सह़ाबी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ ने ह़ाज़िर हो कर अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह ! मैं अपने मां-बाप के साथ ज़िन्दगी में नेक सुलूक करता था अब वोह मर गए उन के साथ नेक सुलूक की क्या राह है ? फ़रमाया :

---

1 ....."كنز العمال"، كتاب النكاح، الحديث:٤٥٥٤٨، الجزء: ١٦، ص٢٠١، عن الديلمي.

2 ....."المعجم الأوسط"، من اسمه محمد، الحديث: ٧٧٢٦، ج٥، ص٣٩٤، و"مسند الفردوس"، الحديث: ٦٦٧٧، ج٢، ص٣٣٧.

www.dawateislami.net

إِنَّ مِنَ الْبِرِّ بَعْدَ الْمَوْتِ أَنْ تُصَلِّيَ لَهُمَا مَعَ صَلَاتِكَ وَتَصُوْمَ لَهُمَا مَعَ صِيَامِكَ))، رواه الدار قطني[1]۔

बा'दे मर्ग नेक सुलूक से येह है कि तू अपनी नमाज़ के साथ उन के लिये भी नमाज़ पढ़े और अपने रोज़ों के साथ उन के लिये रोज़े रखे (इसे दारे क़ुत़नी ने रिवायत किया। ت)

या'नी जब अपने सवाब मिलने के लिये कुछ नफ़्ल नमाज़ पढ़े या रोज़े रखे तो कुछ नफ़्ल नमाज़ उन की त़रफ़ से कि उन्हें सवाब पहुंचाए या नमाज़ रोज़ा जो नेक अ़मल करे साथ ही उन्हें सवाब पहुंचने की भी निय्यत कर ले कि उन्हें भी मिलेगा और तेरा भी कम न होगा।

كما يدل عليه لفظ "مع" يحتمل الوجهين بل هذا ألصق بالمعيّة.

जैसा कि लफ़्ज़ "मअ़" की इस पर दलालत है क्यूंकि इस में मज़कूरा दोनों एह़तिमाल हैं बल्कि आख़िरी वज्ह, मइय्यत को ज़ियादा मुनासिब है। (ت)

"मुह़ीत़" फिर "तातार ख़ानिया" फिर "रद्दुल मुह़तार" में है :

الأفضل لمن يتصدّق نفلاً أن ينوي لجميع المؤمنين والمؤمنات؛ لأنّها تصل إليهم ولا ينقص من أجره شيء[2]۔

जो शख़्स नफ़्ली सदक़ा दे उस के लिये अफ़्ज़ल येह है कि तमाम ईमान वालों की निय्यत करे, क्यूंकि उन्हें भी सवाब पहुंचेगा और इस का सवाब भी कम न होगा।

---

1 ....."ردّ المحتار"، كتاب الحجّ، ج٤، ص١٥ بتغير قليل، (عن الدار قطني)، و"المصنف" لابن أبي شيبة، الحديث: ٨، ج٣، ص ٢٦١، بتغير قليل.

2 ....."التاتارخانية"، كتاب الزكاة، ج٢، ص٣١٩، "الرّد"، كتاب الحج، ج٤، ص١٣.

www.dawateislami.net

ह़दीस 7 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((مَنْ حَجَّ عَنْ وَالِدَيْهِ أَوْ قَضَى عَنْهُمَا مَغْرَماً بَعَثَهُ اللّٰهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ مَعَ الْأَبْرَارِ))، رواه الطبراني في "الأوسط" والدارقطني في "السنن" عن ابن عباس رضي الله تعالى عنهما[1]۔

जो अपने मां-बाप की त़रफ़ से ह़ज करे या उन का क़र्ज़ अदा करे रोज़े क़ियामत नेकों के साथ उठे (इसे त़बरानी ने ''औसत़'' में और दारे क़ुत़नी ने ''सुनन'' में इब्ने अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا से रिवायत किया। ت)

ह़दीस 8 : अमीरुल मोमिनीन उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ पर अस्सी हज़ार क़र्ज़ थे वक़्ते वफ़ात अपने साह़िबज़ादे ह़ज़रते अ़ब्दुल्लाह बिन उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا को बुला कर फ़रमाया :

بِعْ فِيهَا أَمْوَالَ عُمَرَ فَإِنْ وَفَتْ وَإِلَّا فَسَلْ بَنِي عَدِيٍّ فَإِنْ وَفَتْ وَإِلَّا فَسَلْ قُرَيْشاً وَلَا تَعْدُهُمْ.

मेरे दैन (क़र्ज़) में अव्वल तो मेरा माल बेचना अगर काफ़ी हो जाए फ़बिहा, वरना मेरी क़ौम बनी अ़दी से मांग कर पूरा करना अगर यूं भी पूरा न हो तो क़ुरैश से मांगना और इन के सिवा औरों से सुवाल न करना।

फिर साह़िबज़ादे मौसूफ़ से फ़रमाया : اِضْمِنْهَا तुम मेरे क़र्ज़ की ज़मानत कर लो, वोह **ज़ामिन**[2] हो गए और अमीरुल मोमिनीन के दफ़्न से पहले अकाबिर मुहाजिरीन व अन्सार को गवाह कर लिया कि वोह अस्सी हज़ार मुझ पर हैं, एक हफ़्ता न गुज़रा था कि अ़ब्दुल्लाह رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ ने वोह सारा क़र्ज़ अदा फ़रमा दिया।

---

1 ....."المعجم الأوسط"، من اسمه أحمد، الحديث: ٧٨٠٠، ج٦، ص٨، و "سنن الدار قطني"، كتاب الحج، باب المواقيت، الحديث:٢٥٨٥، ج٢، ص٣٢٨.

2 .....ज़िम्मेदार।

www.dawateislami.net

(इसे इब्ने सा'द رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ ने "तृबक़ात" में उ़स्मान बिन उ़र्वा से रिवायत किया । ت)

روا ه ابن سعد في "الطبقات" عن عثمان بن عروة[1]

हृदीस 9 : क़बीलए जुहैना से एक बीबी رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا ने ख़िदमते अक़्दस हुज़ूर सय्यिदे आ़लम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم में हाज़िर हो कर अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह ! मेरी मां ने ह़ज करने की मन्नत मानी थी वोह अदा न कर सकीं और उन का इन्तिक़ाल हो गया क्या मैं उन की त़रफ़ से ह़ज कर लूं ? फ़रमाया :

हां ! उस की त़रफ़ से ह़ज कर, भला तू देख तो तेरी मां पर अगर दैन (क़र्ज़) होता तो तू अदा करती या नहीं ? यूंही ख़ुदा का दैन अदा करो कि वोह ज़ियादा ह़क़ अदा का रखता है (इसे बुख़ारी ने इब्ने अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا से रिवायत किया । ت)

((نَعَمْ! حَجِّي عَنْهَا أَرَأَيْتِ لَوْ كَانَ عَلَى أُمِّكِ دَيْنٌ أَكُنْتِ قَاضِيَةً؟ اِقْضُوا اللّٰهَ فَاللّٰهُ أَحَقُّ بِالْوَفَاءِ))،

رواه البخاري عن ابن عباس رضي اللّٰه تعالى عنهما[2]۔

हृदीस 10 : कि फ़रमाते हैं صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :

इन्सान जब अपने वालिदैन की त़रफ़ से ह़ज करता है वोह ह़ज उस की और उस के वालिदैन की त़रफ़ से क़बूल किया जाता है

((إِذَا حَجَّ الرَّجُلُ عَنْ وَالِدَيْهِ تُقُبِّلَ مِنْهُ وَمِنْهُمَا واسْتَبْشَرَتْ أَرْوَاحُهُمَا فِي السَّمَاءِ وَكُتِبَ عِنْدَ اللّٰهِ بِرّاً))،

---

1 ......"الطبقات الكبرى"، ذكر استخلاف عمر رضي اللّٰه تعالى عنه، ج٣، ص٢٧٣.

2 ......"صحيح البخاري"، كتاب جزاء الصيد، باب الحجّ والنذور عن الميّت والرجل يحجّ عن المرأة، الحديث: ١٨٥٢، ج١، ص٦١١.

www.dawateislami.net

और उन की रूहें आस्मान में इस से शाद होती हैं, और येह शख़्स अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के नज़दीक मां-बाप के साथ नेक सुलूक करने वाला लिखा जाता है (इसे दारे क़ुत्नी ने ज़ैद बिन अरक़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया। ت)

رواه الدارقطني عن زيد بن أرقم رضي اللّٰه تعالى عنه[1]۔

ह़दीस 11 : कि फ़रमाते हैं صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :

जो अपने मां-बाप की त़रफ़ से ह़ज करे उन की त़रफ़ से ह़ज अदा हो जाए और उसे दस ह़ज का सवाब ज़ियादा मिले। (दारे क़ुत्नी ने जाबिर बिन अ़ब्दुल्लाह رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا से इसे रिवायत किया। ت)

((مَنْ حَجَّ عَنْ أَبِيهِ وَأُمِّهِ فَقَدْ قَضَى عَنْهُ حَجَّتَهُ وَكَانَ لَهُ فَضْلُ عَشَرِ حِجَجٍ))، رواه الدارقطني عن جابر بن عبد اللّٰه رضي اللّٰه تعالى عنهما[2]۔

ह़दीस 12 : कि फ़रमाते हैं صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :

जो अपने वालिदैन की वफ़ात के बा'द उन की त़रफ़ से ह़ज करे अल्लाह तआ़ला उस के लिये दोज़ख़ से आज़ादी लिखे और उन दोनों के वासिते पूरे ह़ज का सवाब हो जिस में अस्लन कमी न हो

((مَنْ حَجَّ عَنْ وَالِدَيْهِ بَعْدَ وَفَاتِهِمَا كَتَبَ اللّٰهُ لَهُ عِتْقاً مِنَ النَّارِ وَكَانَ لِلْمَحْجُوجِ عَنْهُمَا أَجْرُ حِجَّةٍ تَامَّةٍ مِنْ غَيْرِ أَنْ يَنْقُصَ مِنْ أُجُورِهِمَا شَيْئاً))،

1 ..... "سنن الدارقطني"، كتاب الحجّ، باب المواقيت، الحديث: ٢٥٨٤، ج٢، ص٣٢٨.

2 ..... "سنن الدار قطني"، باب المواقيت، الحديث: ٢٥٨٧، ج٢، ص٣٢٩.

www.dawateislami.net

(इसे अस्बहानी ने "तरग़ीब" में और बैहक़ी ने "शो'ब" में इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا से रिवायत किया। ت)

رواه الأصبهاني في "الترغيب" والبيهقي في "الشعب" عن ابن عمر رضي الله تعالى عنهما[1]۔

ह़दीस 13 : कि फ़रमाते हैं صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :

जो शख़्स अपने मां-बाप के बा'द उन की क़सम सच्ची करे और उन का क़र्ज़ अदा करे और किसी के मां-बाप को बुरा कह कर उन्हें बुरा न कहलवाए वोह वालिदैन के साथ नेकोकार लिखा जाता है अगर्चे उन की ज़िन्दगी में ना फ़रमान था और जो उन की क़सम पूरी न करे और उन का क़र्ज़ न उतारे औरों के वालिदैन को बुरा कह कर उन्हें बुरा कहलवाए वोह आ़क़ लिखा जाए अगर्चे उन की ह़यात में नेकोकार था (इसे त़बरानी ने "औसत़" में अ़ब्दुर्रह़मान बिन समुरह رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया। ت)

((مَنْ بَرَّ قَسَمَهُمَا وَقَضَى دَيْنَهُمَا وَلَمْ يَسْتَسِبَّ لَهُمَا كُتِبَ بَارّاً وَإِنْ كَانَ عَاقّاً فِي حَيَاتِهِمَا وَمَنْ لَمْ يَبَرَّ قَسَمَهُمَا وَلَمْ يَقْضِ دَيْنَهُمَا وَاسْتَسَبَّ لَهُمَا كُتِبَ عَاقّاً وَإِنْ كَانَ بَارّاً فِي حَيَاتِهِمَا)) رواه الطبراني في "الأوسط" عن عبد الرحمن بن سمرة رضي الله تعالى عنه[2]۔

1 ....."شعب الإيمان"، الحديث: ٧٩١٢، ج٦، ص٢٠٥.

2 ....."المعجم الأوسط"، من اسمه محمد، الحديث: ٥٨١٩، ج٤، ص٢٣٢.

www.dawateislami.net

ह़दीस 14 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((مَنْ زَارَ قَبْرَ أَبَوَيْهِ أَوْ أَحَدِهِمَا فِيْ كُلِّ يَوْمِ جُمُعَةٍ مَرَّةً غَفَرَ اللّٰهُ لَهُ وَكَتَبَ بِرًّا))، رواه الإمام الترمذي العارف باللّٰه الحكيم في "نوادر الأصول" عن أبي هريرة رضي اللّٰه تعالى عنه[1]۔

जो अपने मां-बाप दोनों या एक की क़ब्र पर हर जुमुआ़ के दिन ज़ियारत को ह़ाज़िर हो **अल्लाह** तआ़ला उस के गुनाह बख़्श दे और मां-बाप के साथ अच्छा बरताव करने वाला लिखा जाए (इमाम आ़रिफ़ बिल्लाह ह़कीम तिरमिज़ी ने ''नवादिरुल उसूल'' में अबू हुरैरा رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه से इसे रिवायत किया। ت)

ह़दीस 15 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((مَنْ زَارَ قَبْرَ وَالِدَيْهِ أَوْ أَحَدِهِمَا يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَقَرَأَ عِنْدَهُ يٰسٓ غُفِرَ لَهُ)) رواه ابن عدي عن الصدّيق الأكبر رضي اللّٰه تعالى عنه[2]

وفي لفظ: ((مَنْ زَارَ قَبْرَ وَالِدَيْهِ أَوْ أَحَدِهِمَا فِيْ كُلِّ جُمُعَةٍ فَقَرَأَ عِنْدَهُ يٰسٓ غَفَرَ اللّٰهُ لَهُ بِعَدَدِ كُلِّ حَرْفٍ مِنْهَا)) رواه هو والخليلي وأبو شيخ

जो शख़्स रोज़े जुमुआ़ अपने वालिदैन या एक की ज़ियारते क़ब्र करे और उस के पास يٰسٓ पढ़े, बख़्श दिया जाए (इसे इब्ने अ़दी ने सिद्दीक़े अक्बर رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه से रिवायत किया और दीगर अल्फ़ाज़ में येह है। ت) जो हर जुमुआ़ वालिदैन या एक की ज़ियारते क़ब्र कर के वहां يٰسٓ पढ़े, يٰسٓ शरीफ़ में जितने ह़र्फ़ हैं उन सब की गिनती

1 ..... "نوادر الأصول في معرفة أحاديث الرسول"، الأصل الخامس عشر، ص٩٧.

2 ..... "الكامل" لابن عدي، ج٦، ص٢٦٠.

www.dawateislami.net

के बराबर अल्लाह तआला उस के लिये मग़्फ़िरत फ़रमाए (इसे इब्ने अ़दी, ख़लीली, अबू शैख़, दैलमी, इब्ने नजार और राफ़ेई वग़ैरहुम ने उम्मुल मोमिनीन सिद्दीक़ा से, उन्हों ने अपने वालिदे गिरामी सिद्दीक़े अक्बर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْھُمَا से उन्हों ने नबिय्ये अकरम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم से रिवायत किया। ت)

والديلمي وابن النجار والرافعي وغيرهم عن أمّ المؤمنين الصديقة عن أبيها الصدّيق الأكبر رضي اللّٰه تعالى عنهما عن النبي صلّى اللّٰه تعالى عليه وسلّم[1].

हदीस 16 : कि फ़रमाते हैं صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم :

जो ब निय्यते सवाब अपने वालिदैन दोनों या एक की ज़ियारते क़ब्र करे हज्जे मक़्बूल के बराबर सवाब पाए, और जो ब कसरत उन की ज़ियारते क़ब्र करता हो, फ़िरिश्ते उस की क़ब्र की ज़ियारत को आएं (हकीम तिरमिज़ी और इब्ने अ़दी ने इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْھُمَا से इसे रिवायत किया। ت)

((مَنْ زَارَ قَبْرَ أَبَوَيْهِ أَوْ أَحَدِهِمَا اِحْتِسَاباً كَانَ كَعَدْلِ حَجَّةٍ مَبْرُوْرَةٍ وَمَنْ كَانَ زَوَّاراً لَهُمَا زَارَتِ الْمَلَائِكَةُ قَبْرَهُ)) رواه الإمام الترمذي الحكيم وابن عدي عن ابن عمر رضي اللّٰه تعالى عنهما[2]۔

---

1 ......"كنز العمال"، كتاب النكاح، الحديث:٤٥٥٣٥، ج١٦، ص١٩٩، (بحواله ابن عدي والخليل وأبي الشيخ والديلمي وابن النجار والرافعي)

2 ......"نوادر الأصول"، الأصل الخامس عشر، الحديث: ١٣١، ص٩٨، "الكامل" لابن عدي، ج٣، ص٢٩٥، بألفاظ متقاربة، و"كنز العمال"، الحديث: ٤٥٥٣٦، ج١٦، ص٢٠٠، (بحوالہ حکیم ترمذی).

www.dawateislami.net

इमाम इब्नुल जौज़ी मुहद्दिस किताब ''उ़यूनुल हिकायात'' में ब सनदे ख़ुद मुहम्मद इब्नुल अ़ब्बास वर्राक़ से रिवायत फ़रमाते हैं कि एक शख़्स अपने बेटे के साथ सफ़र को गया राह में बाप का इन्तिक़ाल हो गया वोह जंगल दरख़्ताने मक़ल या'नी **गोगल**[1] के पेड़ों का था उन के नीचे दफ़्न कर के बेटा जहां जाना था चला गया जब पलट कर आया उस मन्ज़िल में रात को पहुंचा बाप की क़ब्र पर न गया नागाह सुना कि कोई कहने वाला कहता है :

رَأَيْتُكَ تَطْوِي الدَّوْمَ لَيْلاً وَلَا تَرَى عَلَيْكَ لِأَهْلِ الدَّوْمِ أَنْ تَتَكَلَّمَا
وَبِالدَّوْمِ ثَاوٍ لَوْ ثَوَيْتَ مَكَانَهُ فَمَرَّ بِأَهْلِ الدَّوْمِ عَاجٍ فَسَلَّمَا[2]

''मैं ने तुझे देखा कि तू रात में उस जंगल को तै़ करता है और वोह जो इन पेड़ों में है उस से कलाम करना अपने ऊपर लाज़िम नहीं जानता ह़ालांकि इन दरख़्तों में वोह मुक़ीम है कि अगर तू उस की जगह होता और वोह यहां गुज़रता तो वोह राह से फिर कर आता और तेरी क़ब्र पर सलाम करता।''

ह़दीस 17 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((مَنْ أَحَبَّ أَنْ يَصِلَ أَبَاهُ فِي قَبْرِهِ فَلْيَصِلْ إِخْوَانَ أَبِيهِ مِنْ بَعْدِهِ))، رواه أبو يعلى وابن حبان عن ابن عمر رضي الله تعالى عنهما[3]۔

जो चाहे कि बाप की क़ब्र में उस के साथ हुस्ने सुलूक करे वोह बाप के बा'द उस के अ़ज़ीज़ों दोस्तों से नेक बरताव रखे (अबू या'ला व इब्ने ह़ब्बान ने इब्ने उ़मर رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا से इसे रिवायत किया। ت)

---

1 .....एक दरख़्त के ख़ुश्बूदार गूंद का नाम जो ज़ाइक़े में तल्ख़ और बहुत सी क़िस्म का होता है।

2 ....."شرح الصدور"، باب زيارة القبور... إلخ، ص٢١٩، (بحوالہ "عیون الحکایات").

3 ....."مسند أبي يعلى الموصلي"، الحديث: ٥٦٤٣، ج٥، ص١٢٦،
و"صحيح ابن حبان"، كتاب البر والإحسان، باب حقّ الوالدين، ج١، ص٣٢٩.

www.dawateislami.net

ह़दीस 18 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((مِنَ البِرِّ أَنْ تَصِلَ صَدِيقَ أَبِيكَ))، رواه الطبراني في "الأوسط" عن أنس رضي اللّٰه تعالى عنهما[1]۔

बाप के साथ नेकोकारी से है येह कि तू उस के दोस्त से नेक बरताव रखे। (त़बरानी ने "औसत़" में अनस رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا से इसे रिवायत किया। ت)

ह़दीस 19 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((إِنَّ أَبَرَّ البِرِّ أَنْ يَصِلَ الرَّجُلُ أَهْلَ وُدِّ أَبِيهِ بَعْدَ أَنْ يُوَلِّيَ الْأَبُ))، رواه الأئمّة أحمد والبخاري في "الأدب المفرد" ومسلم في "صحيحه" وأبو داود والترمذي عن ابن عمر رضي اللّٰه تعالى عنهما[2]۔

बेशक बाप के साथ सब नेकोकारियों से बढ़ कर येह नेकोकारी है कि आदमी बाप के बा'द उस के दोस्तों से अच्छी रविश पर निबाहे। (इसे अइम्मए किराम अह़मद ने और बुख़ारी ने "अल अदबुल मुफ़रद" में, मुस्लिम ने अपनी "सह़ीह़" में और अबू दावूद व तिरमिज़ी ने इब्ने उ़मर رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا से रिवायत किया। ت)

---

1 ....."المعجم الأوسط"، من اسمه محمد، الحديث: ٧٣٠٣، ج٥، ص٢٧٢.

2 ....."صحيح مسلم"، كتاب البرّ والصلة، باب فضل صلة أصدقاء الأب والأمّ ونحوهما، الحديث: ٢٥٥٢، ص١٣٨٢،

و"كنز العمال"، كتاب النكاح، الحديث: ٤٥٤٥٤، ج١٦، ص١٩٣، (بحواله مسند ومسلم وأبي داود وترمذي).

www.dawateislami.net

ह़दीस 20 : कि फ़रमाते हैं रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((اِحْفَظْ وُدَّ أَبِيْكَ لَا تَقْطَعْهُ فَيُطْفِئَ اللّٰهُ نُوْرَكَ))، رواه البخاري في "الأدب المفرد" والطبراني في "الأوسط" والبيهقي في "الشعب" عن ابن عمر رضي اللّٰه تعالى عنهما[1]۔

अपने मां-बाप की दोस्ती पर निगाह रख उसे क़त्अ़ न करना कि **अल्लाह** तआ़ला नूर तेरा बुझा देगा (इसे बुख़ारी ने "अल अदबुल मुफ़रद" में, त़बरानी ने "औसत़" में और बैहक़ी ने "शा'ब" में इब्ने उ़मर رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا से रिवायत किया। ت)

ह़दीस 21 : कि फ़रमाते हैं صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم :

((تُعْرَضُ الْأَعْمَالُ يَوْمَ الْإِثْنَيْنِ وَالْخَمِيْسِ عَلَى اللّٰهِ تَعَالَى وَتُعْرَضُ عَلَى الْأَنْبِيَاءِ وَعَلَى الْآبَاءِ وَالْأُمَّهَاتِ يَوْمَ الْجُمُعَةِ فَيَفْرَحُوْنَ بِحَسَنَاتِهِمْ وَيَزْدَادُوْنَ وُجُوْهُهُمْ بَيْضاً وَنُزْهَةً فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَلَا تُؤْذُوْا مَوْتَاكُمْ))، رواه الإمام الحكيم عن والد عبد العزيز رضي اللّٰه تعالى عنه[2]۔

हर **दो शम्बा व पंजशम्बा**[3] को **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के हुज़ूर आ'माल पेश होते हैं और अम्बियाए किराम علیہم الصلوٰۃ والتسلیم और मां-बाप के सामने हर जुमुआ़ को, वोह नेकियों पर ख़ुश होते हैं और उन के चेहरों की सफ़ाई व ताबिश बढ़ जाती है, तो **अल्लाह** से डरो और अपने मुर्दों को अपने गुनाहों से रंज न पहुंचाओ (इसे इमाम ह़कीम ने अपने वालिद अ़ब्दुल अ़ज़ीज़ رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْه से रिवायत किया। ت)

---

1 ....."المعجم الأوسط"، من اسمه مطّلب، الحديث: ٨٦٣٣، ج٦، ص٢٣٨.

2 ....."نوادر الأصول"، الأصل السابع والستّون والمئة، الحديث: ١٠٧٥، ص٣٩٣.

3 .....या'नी पीर और जुमा'रात

www.dawateislami.net

बिल जुम्ला[1] वालिदैन का ह़क़ वोह नहीं कि इन्सान इस से कभी **ओ़हदा बर आ**[2] हो **वोह उस के ह़याते व वुजूद के सबब हैं**[3] तो जो कुछ ने'मतें दीनी व दुन्यवी पाएगा सब उन्हीं के तुफ़ैल में हुईं कि हर ने'मत व कमाल वुजूद पर मौक़ूफ़ है और वुजूद के सबब वोह हुवे तो सिर्फ़ मां-बाप होना ही ऐसे अ़ज़ीम ह़क़ का **मूजिब**[4] है जिस से बरिय्युज़्ज़िम्मा कभी नहीं हो सकता न कि इस के साथ उस की परवरिश में उन की कोशिशें, उस के आराम के लिये उन की तक्लीफ़ें ख़ुसूसन पेट में रखने, पैदा होने, दूध पिलाने में मां की अज़िय्यतें, उन का शुक्र कहां तक अदा हो सकता है ! ख़ुलासा येह कि वोह उस के लिये **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ व रसूल صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के साए और उन की रबूबिय्यत व रह़मत के **मज़हर हैं**[5] व लिहाज़ा "क़ुरआने अ़ज़ीम" में **अल्लाह** جَلَّ جَلَالُهٗ ने अपने ह़क़ के साथ उन का ह़क़ ज़िक्र फ़रमाया कि :

﴿اَنِ اشْكُرْ لِيْ وَلِوَالِدَيْكَ﴾[6] ह़क़ मान मेरा और अपने मां-बाप का ।

ह़दीस में है कि एक सह़ाबी رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ ने ह़ाज़िर हो कर अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह ! एक राह में ऐसे गर्म पथ्थरों पर कि अगर गोश्त उन पर डाला जाता कबाब हो जाता, मैं छे मील तक अपनी मां को अपनी गर्दन पर सुवार कर के ले गया हूं क्या मैं अब उस के ह़क़ से अदा (बरी) हो गया ?

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया :

---

1 .....ह़ासिले कलाम येह है कि । 2 .....बरिय्युज़्ज़िम्मा ।

3 .....वालिदैन उस की ज़िन्दगी और उस के दुन्या में आने का ज़रीआ़ हैं ।

4 .....बाइ़स । 5 .....ज़ाहिर होने की जगह हैं ।

6 .....پ: ٢١، لقمان: ١٤.

www.dawateislami.net

तेरे पैदा होने में जिस क़दर दर्दों के झटके उस ने उठाए हैं शायद उन में एक झटके का बदला हो सके। (इसे त़बरानी ने "औसत़" में बुरैदा رضی اللہ تعالٰی عنہ से रिवायत किया। ت)

((لَعَلَّهُ أَنْ يَكُونَ بِطَلْقَةٍ وَاحِدَةٍ))، رواه الطبراني في "الأوسط" عن بريدة رضي الله تعالٰى عنه[1]۔

अल्लाह عزّوجلّ **उक़ूक़**[2] से बचाए और अदाए हुक़ूक़ की तौफ़ीक़ अ़त़ा फ़रमाए।

آمين! آمين! برحمتك يا أرحم الراحمين وصلى الله تعالٰى على سيّدنا ومولانا محمد وآله وصحبه أجمعين آمين! والحمد لله ربّ العالمين، والله تعالى أعلم.

मस्अला : अज़ बंगाला ज़िल्अ़ कमरिला मौज़ए़ हरमन्डल मुर्सलहू मौलवी अ़ब्दुल जब्बार साहि़ब 25 रबीउ़ल अव्वल शरीफ़ 1320 हिजरी

क्या फ़रमाते हैं उ़लमाए दीन व मुफ़्तियाने शरए़ मतीन इस मस्अले में कि एक शख़्स कुछ **लियाक़त रखने वाला**[3] अपने वालिदैन सालिह़ीन के साथ **जंगो जदल व ज़दो ज़र्ब**[4] व ज़ुल्मो सितम करता है और ख़ुद अपने वालिदैन को **त़ा'ने-तशनीअ़ व दुश्नाम करता है**[5] और लोगों से करवाता है, और **वोह शख़्स ग़ासिब व काज़िब व सारिक़ के साथ मौसूफ़ है**[6], ऐसे शख़्स के पीछे नमाज़ जाइज़ है या मकरूह? अगर मकरूह

---

1 ......"كنز العمال"، كتاب النكاح، الباب الثامن، الحديث: ٤٥٤٩٨، ج١٦، ص١٩٦، (بحواله طبراني في "الأوسط")، و"المعجم الصغير"، الحديث:٢٥٧، ج١، ص٩٣.

2 .....ना फ़रमानियों।

3 .....समझदार।

4 .....झगड़ा फ़साद, मार पीट।

5 .....बुरा भला कहता और गाली गलोच करता है।

6 .....और वोह शख़्स ह़क़ मारने, झूट बोलने और चोरी करने जैसे मज़मूम औसाफ़ से जाना पहचाना जाता है।

www.dawateislami.net

है तो कौन क़िस्म की मकरूह है ? और ऐसे शख़्स के पीछे जो कोई **ब सबबे ना वाक़िफ़ी के**[1] नमाज़ पढ़े तो नमाज़ उस को दोबारा पढ़ना होगी या नहीं ? और ऐसे **आक़ुले वालिदैन**[2] को दा'वत करना-करवाना, सदक़ा वग़ैरा देना, दिलवाना दुरुस्त है या नहीं ? और उस के मकान में दा'वत खाना कैसी है और वोह शख़्स **अज़ रूए शरअ़ शरीफ़ के किस ता'ज़ीर**[3] के लाइक़ है और उस की ताईद करने वाले पर अज़ रूए शरअ़ शरीफ़ क्या हुक्म है ? बा दलाइले क़ुरआनो ह़दीस व अक़्वाले अइम्मा इरशाद फ़रमाया जाए।

अल जवाब

ऐसा शख़्स अफ़्सकुल फ़ासिक़ीन व अख़बसे मुहीन व मुस्तह़िक़े ग़ज़बे शदीदे रब्बुल आ़लमीन व अ़ज़ाबे अ़ज़ीम व नारे जह़ीम है।[4]

ह़दीस 1 : रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया :

((أَلَا أُنَبِّئُكُمْ بِأَكْبَرِ الْكَبَائِرِ، أَلَا أُنَبِّئُكُمْ بِأَكْبَرِ الْكَبَائِرِ، أَلَا أُنَبِّئُكُمْ بِأَكْبَرِ الْكَبَائِرِ؟))

मैं तुम्हें न बताऊं कि सब कबीरा गुनाहों से सख़्त तर गुनाह क्या है, क्या न बता दूं कि सब कबाइर से बद तर क्या है, क्या न बता दूं कि सब कबीरों से शदीद तर क्या है ?

सह़ाबा ने अ़र्ज़ की : इरशाद हो ! फ़रमाया :

1.....इन मज़मूम औसाफ़ से ला इल्मी की वज्ह से।
2.....वालिदैन के ना फ़रमान 3.....शरीअ़ते मुत़ह्हरा के मुत़ाबिक़ किस सज़ा
4.....ऐसा शख़्स फ़ासिक़ों का सरदार, सब से बड़ा ख़बीसे ज़लील और अल्लाह रब्बुल आ़लमीन के सख़्त ग़ज़ब का मुस्तह़िक़ और बहुत बड़े अ़ज़ाब व दोज़ख़ की आग का ह़क़दार है।

www.dawateislami.net

((اَلْإِشْرَاكُ بِاللّٰهِ وَعُقُوْقُ الْوَالِدَيْنِ))، الحديث، رواه الشيخان والترمذي عن أبي بكرة رضي اللّٰه تعالٰى عنه[1]۔

अल्लाह तआ़ला का शरीक ठहराना और मां-बाप को सताना, अल ह़दीस। (इसे इमाम बुख़ारी व मुस्लिम और तिरमिज़ी ने अबू बकरह رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया। ت)

ह़दीस 2 : रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

((ثَلَاثَةٌ لَا يَدْخُلُوْنَ الْجَنَّةَ: اَلْعَاقُّ لِوَالِدَيْهِ وَالدَّيُّوْثُ وَالرَّجُلَةُ مِنَ النِّسَاءِ))، رواه النسائي والبزار بسندين جيدين والحاكم عن ابن عمر رضي اللّٰه تعالٰى عنهما[2]۔

तीन शख़्स जन्नत में न जाएंगे : मां-बाप को सताने वाला और दय्यूस और मर्दों की वज़्अ़ बनाने वाली औ़रत (निसाई और बज़्ज़ार ने जय्यिद सनदों के साथ और ह़ाकिम ने इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا से रिवायत किया। ت)

ह़दीस 3 : रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

((ثَلَاثَةٌ لَا يَقْبَلُ اللّٰهُ عَزَّ وَجَلَّ مِنْهُمْ صَرْفًا وَلَا عَدْلًا: عَاقٌّ وَمَنَّانٌ وَمُكَذِّبٌ بِقَدَرٍ))، رواه ابن أبي عاصم في "السنّة" بسند حسن

तीन शख़्स हैं कि अल्लाह तआ़ला न उन के फ़र्ज़ क़बूल करे न नफ़्ल (1) मां बाप को ईज़ा देने वाला और (2) सदक़ा दे कर फ़क़ीर पर एह़सान रखने वाला और (3) तक़दीर का झुटलाने वाला।

---

1 ....."صحيح البخاري"، كتاب الشهادات، باب ما قيل في شهادة الزور، الحديث: ٢٦٥٤، ج٢، ص١٩٤، مختصراً.

2 ....."المستدرك"، كتاب الإيمان، باب ثلاثة لا يدخلون الجنّة، الحديث: ٢٥٢، ج١، ص٢٥٢، بألفاظ مختلفة.

www.dawateislami.net

(इसे आ़सिम ने "अस्सुन्नह" में ब सनदे ह़सन अबू उमामा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया ।)

عـن أبي أمامة رضي اللّٰه تعالى عنه[1]۔

ह़दीस 4 : रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं कि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ फ़रमाता है :

मलऊ़न है जो अपने वालिदैन को सताए, मलऊ़न है जो अपने वालिदैन को सताए, मलऊ़न है जो अपने वालिदैन को सताए। (इसे त़बरानी और ह़ाकिम ने अबू हुरैरा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से रिवायत किया । ت)

((مَلْعُوْنٌ مَنْ عَقَّ وَالِدَيْهِ، مَلْعُوْنٌ مَنْ عَقَّ وَالِدَيْهِ، مَلْعُوْنٌ مَنْ عَقَّ وَالِدَيْهِ))، رواه الطبراني والحاكم عن أبي هريرة رضي اللّٰه تعالى عنه[2]۔

ह़दीस 5 : रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

अल्लाह की ला'नत उस पर जो अपने मां-बाप को गाली दे (इब्ने ह़ब्बान ने इब्ने अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से इसे रिवायत किया । ت)

((لَعَنَ اللّٰهُ مَنْ سَبَّ وَالِدَيْهِ))، رواه ابن حبّان عن ابن عبّاس رضي اللّٰه تعالى عنه[3]۔

ह़दीस 6 : कि एक जवान को नज़्अ़ के वक़्त कलिमा तल्क़ीन किया, न कह सका, नबी صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم को ख़बर हुई तशरीफ़ ले गए, फ़रमाया : कह لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ कहा : मुझ से नहीं कहा जाता, फ़रमाया : क्यूं ? कहा : वोह शख़्स अपनी मां को सताता था, रह़मते दो आ़लम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने उस की मां को बुला कर फ़रमाया : येह तेरा बेटा है ? अ़र्ज़ की : हां, फ़रमाया :

1 ....."السنة" لابن أبي عاصم، باب: ما ذكر عن النبي عليه السلام في المكذبين بقدر اللّٰه... إلخ، الحديث: ٣٣٢، ص٧٣.

2 ....."المعجم الأوسط"، الحديث: ٨٤٩٧، ج٦، ص١٩٩، بألفاظ مختصر.

3 ....."الإحسان بترتيب صحيح ابن حبان"، كتاب الحدود، باب الزنا وحدّه، الحديث: ٤٤٠٠، ج٤، ص٢٩٩.

www.dawateislami.net

أَرَأَيْتِ لَوْ أُجِّجَتْ نَارٌ ضَخْمَةٌ
فَقِيْلَ لَكِ: إِنْ شَفَعْتِ لَهُ
خَلَّيْنَاهُ وَإِلَّا حَرَّقْنَاهُ أَكُنْتِ
تَشْفَعِيْنَ لَهُ؟

भला सुन तो अगर एक अ़ज़ीमुश्शान आग भड़काई जाए और कोई तुझ से कहे कि तू इस की शफ़ाअ़त करे जब तो हम इसे छोड़ते हैं वरना जला देंगे, क्या उस वक़्त तू इस की शफ़ाअ़त करेगी ?

अ़र्ज़ की : या रसूलल्लाह ! जब तो शफ़ाअ़त करूंगी, फ़रमाया : तो **अल्लाह** को और मुझे गवाह कर ले कि तू इस से राज़ी हो गई, उस ने अ़र्ज़ की : इलाही ! मैं तुझे और तेरे रसूल को गवाह करती हूं कि मैं अपने बेटे से राज़ी हुई, अब सय्यिदे आ़लम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने जवान से फ़रमाया : ऐ लड़के ! कह : لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيْكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّداً عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ[1] जवान ने कलिमा पढ़ा और इन्तिक़ाल किया,

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया :

((اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ أَنْقَذَهُ بِيْ مِنَ النَّارِ))، رواه الطبراني عن عبد اللّٰه بن أبي أوفى رضي اللّٰه تعالى عنهما[2]۔

शुक्र उस ख़ुदा का जिस ने मेरे वसीले से इस को दोज़ख़ से बचा लिया। (इसे त़बरानी ने अ़ब्दुल्लाह बिन अबी औफ़ा رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا से रिवायत किया। ت)

ह़दीस 7 : अ़व्वाम बिन ह़ौशब رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه कि अजिल्ला अइम्मए तबए ताबेईन से हैं[3] 148 हिजरी में इन्तिक़ाल किया, फ़रमाते हैं : मैं एक मह़ल्ले

---

1 .....**अल्लाह** के सिवा कोई मा'बूद नहीं, वोह यक्ता है उस का कोई शरीक नहीं, और मैं गवाही देता हूं कि मुह़म्मद (صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم) उस के बन्दे और रसूल हैं।

2 .....”الترغيب والترهيب“، الحديث: ١٦، ج٣، ص٢٢٦، (بحوالہ طبرانی)، و”مجمع الزوائد“، الحديث: ١٣٤٣٣، ج٨، ص٢٧٠.

3 .....उन बड़ी शानो शौकत वाले इमामों में से एक अ़ज़ीम इमाम हैं जिन्हों ने ईमान की हालत में सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان को देखने वालों को देखा।

www.dawateislami.net

में गया उस के किनारे पर क़ब्रिस्तान था अ़स्र के वक़्त एक क़ब्र **शक़ हुई**[1] और उस में से एक आदमी निकला जिस का सर गधे और बाक़ी बदन इन्सान का, उस ने तीन आवाज़ें गधे की त़रह़ कीं फिर क़ब्र बन्द हो गई, एक बुढ़िया बैठी **कात रही थी,**[2] एक औ़रत ने मुझ से कहा इन बड़ी बी को देखते हो ? मैं ने कहा : इस का क्या मुआ़मला है ? कहा : येह क़ब्र वाले की मां है वोह शराब पीता था जब शाम को आता मां नसीह़त करती कि ऐ बेटे ! ख़ुदा से डर, कब तक इस नापाक को पियेगा ? येह जवाब देता कि तू तो गधे की त़रह़ चिल्लाती है, येह शख़्स अ़स्र के बा'द मरा जब से हर रोज़ बा'दे अ़स्र इस की क़ब्र शक़ होती है और यूं तीन आवाज़ें गधे की कर के फिर बन्द हो जाती है। رواه الأصبهاني وغيره[3] (अस्बहानी वग़ैरा ने इसे रिवायत किया है। ت)

इसी त़रह़ **ग़सब व किज़्ब व सर्के की ह़ुरमतें**[4] **ज़रूरिय्याते दीन से हैं**[5] ऐसे शख़्स के पीछे नमाज़ सख़्त मकरूह है, मकरूहे तह़रीमी क़रीब ब ह़राम और वाजिबुल इआ़दा है कि **नादानिस्ता**[6] पढ़ ली हो तो फेरना वाजिब है।

---

1 .....खुली। 2 .....चरख़े पर रूई से धागा बुन रही थी।

3 ....."الترغيب والترهيب"، كتاب البر والصلة، الحديث:١٧، ج٣، ص٢٢٦، (بحوالہ اصبہانی) و"شرح الصدور" عن الأصبهاني، باب عذاب القبر، ص١٧٢.

4 .....नाजाइज़ क़ब्ज़ा करने, झूट बोलने और चोरी के ह़राम होने के अह़काम।

5 .....ज़रूरिय्याते दीन से मुराद वोह मसाइले दीन हैं जिन को हर ख़ासो आ़म जानते हों जैसे अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की वह़दानिय्यत, अम्बिया की नबुव्वत, जन्नत व नार, ह़श्र व नश्र वग़ैरा, मसलन येह ए'तिक़ाद हो कि हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ख़ातमुन्नबिय्यीन हैं हुज़ूर के बा'द कोई नया नबी नहीं हो सकता। (बहारे शरीअ़त, ईमान व कुफ़्र का बयान, जि. 1, स. 172, मुल्तक़त़न)

6 .....अन्जाने में।

www.dawateislami.net

"सग़ीरी" में है :

يكره تقديم الفاسق كراهة تحريم[1]۔

फ़ासिक़ को इमाम बनाना मकरूहे तह़रीमी है। 12 "सग़ीरी" (ت)

"ग़ुनिया" में है :

لو قدّموا فاسقاً يأثمون بناءً على أنّ كراهة تقديمه كراهة تحريم[2]۔

फ़ासिक़ को इमाम बनाने वाले गुनहगार होंगे, क्यूंकि उसे इमाम बनाना मकरूहे तह़रीमी है 12 "ग़ुनिया" (ت)

"दुर्रे मुख़्तार" में है :

كلّ صلاة أدّيت مع كراهة التحريم وجب إعادتها[3]۔

हर वोह नमाज़ जो कराहते तह़रीमा के साथ अदा की गई हो उस का दोबारा पढ़ना वाजिब है 12

ऐसे अशद्द फ़ासिक़ फ़ाजिर[4] से शरअ़न **बुग़्ज़ रखने**[5] का हुक्म है और जिस बात में उस का ए'ज़ाज़ व इकराम निकले बे ज़रूरत व मजबूरी नाजाइज़ व ममनूअ़ है। "तबयीनुल ह़क़ाइक़" व "मराक़ियुल फ़लाह़", व "फ़त्हुल मुईन" व "ह़ाशिया दुर्रे मुख़्तार" लिल अ़ल्लामतुल त़ह़त़ावी वग़ैरहा में है :

الفاسق وجب عليهم إهانته شرعاً[6]۔

शरई त़ौर पर फ़ासिक़ की तौहीन वाजिब है 12 ।

---

1 ......"صغيري شرح منية المصلّي"، مباحث الإمامة، ص٢٦٤.

2 ...... "غنية المتملي"، كتاب الصلاة، فصل في الإمامة، ص٥١٣.

3 ......"الدر المختار"،كتاب الصلاة، باب قضاء الفوائت، ج٢، ص ٦٣٠، بتغير قليل.

4 .....ऐसे सख़्त गुनहगार बदकार शख़्स ।

5 .....नफ़रत रखने ।

6 ...... "مراقي الفلاح"، ص٧٠،

"حاشية الطحطاوي على الدرّ"، كتاب الصلاة، باب الإمامة، ج١، ص٢٤٣،

و"تبيين الحقائق"، كتاب الصلاة، باب الإمامة، ج١، ص٣٤٥.

www.dawateislami.net

उस की दा'वत करना, कराना उस के यहां दा'वत खाना कुछ न चाहिये "सुनने अबी दावूद" व "जामेए तिरमिज़ी" में अ़ब्दुल्लाह बिन मसऊ़द رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہ से है, रसूलुल्लाह صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

((لَمَّا وَقَعَتْ بَنُوْ إِسْرَائِيْلَ فِي الْمَعَاصِيْ نَهَتْهُمْ عُلَمَاؤُهُمْ فَلَمْ يَنْتَهُوْا فَجَالَسُوْهُمْ فِيْ مَجَالِسِهِمْ وَآكَلُوْهُمْ وَشَارَبُوْهُمْ فَضَرَبَ اللّٰهُ قُلُوْبَ بَعْضِهِمْ بِبَعْضٍ فَلَعَنَهُمْ عَلٰى لِسَانِ دَاوُدَ وَعِيْسَى بْنِ مَرْيَمَ ذٰلِكَ بِمَا عَصَوْا وَكَانُوْا يَعْتَدُوْنَ[1]۔

जब बनी इस्राईल गुनाहों में पड़े उन के उ़लमा ने मन्अ़ किया वोह बाज़ न आए येह उ़लमा उन के पास उन के जल्सों में बैठे उन के साथ खाना खाया, पानी पिया तो अल्लाह तआ़ला ने उन मुजरिमों के दिलों का असर उन पास बैठने वालों पर भी डाला कि सब एक से हो गए फिर उन सब पर दावूद व ईसा बिन मरयम علیہم الصلاۃ والسلام की ज़बान से ला'नत फ़रमाई येह बदला था उन के गुनाहों और ह़द से बढ़ने का।

वोह सख़्त से सख़्त ता'ज़ीर (सज़ा) के क़ाबिल है जिस की मिक़्दार ह़ाकिमे शरअ़ की राए पर सिपुर्द है और अगर सर्क़ा, **शहादते शरइ़य्या**[2] से साबित हो जाए तो **ह़ाकिमे शरअ़**[3] उस का हाथ कलाई से काट देगा उस की ताईद करने वाले सब सख़्त गुनहगार हैं, قال اللّٰہ تعالی

---

1 ....."سنن الترمذي"، كتاب التفسير، الحديث: ٣٠٥٨، ج٥، ص٣٦، و"مشكاة المصابيح"، كتاب الأدب، الحديث: ٥١٤٨، ج٢، ص٢٤٠.

2 .....वोह चोरी जो चोर के ह़क़ में दो मर्दों के गवाही देने से साबित हो जाए शहादते शरइ़य्या कहलाती है।

3 .....शरीअ़ते मुत़ह्हरा की त़रफ़ से मुक़र्रर कर्दा ह़ाकिम।

www.dawateislami.net

﴿ وَلَا تَعَاوَنُوْا عَلَى الْاِثْمِ وَالْعُدْوَانِ ۪ ﴾ (پ:٦، المائدة: ٢)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और गुनाह और ज़ियादती पर बाहम मदद न दो।*

अभी ह़दीस सुन चुके कि पास बैठने, साथ खाने वालों पर ला'नत उतरी, फिर ताईद करने कराने वालों का क्या ह़ाल होगा ? अल्लाह عَزَّوَجَلَّ पनाह दे और मुसलमानों को तौफ़ीक़े तौबा बख़्शे, आमीन !

रहा सदक़ा देना, दिलाना, अगर उसे मोह़ताज, ज़रूरत मन्द, नंगा, भूका देखें तो ह़रज नहीं जब कि गुनाहों में उस की **ताईद व इआ़नत**[1] की निय्यत न हो।

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

((فِيْ كُلِّ ذَاتِ كَبِدٍ حَرَّاءَ أَجْرٌ)) رواه الشيخان عن أبي هريرة وفي الباب عن عبد اللّٰه بن عمرو وعن سراقه بن مالك رضي اللّٰه تعالى عنهم[2]۔

हर गर्म जिगर वाली में सवाब है। (इमाम बुख़ारी और मुस्लिम ने इसे अबू हुरैरा से रिवायत किया, और इस बाब में अ़ब्दुल्लाह बिन अ़म्र और सुराक़ा बिन मालिक رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُم से भी रिवायत है। ت)

सह़ीह़ ह़दीस में है कि कुत्ते को भी पानी पिलाना सवाब है (ह़त्ता कि अल्लाह तआ़ला ने इस सबब से फ़ाह़िशा औ़रत की भी मग़्फ़िरत फ़रमा दी जैसा कि "सिह़ाह़" में है। ت) حتى غفر اللّٰه تعالى به البغي كما في "الصحاح"[3] واللّٰه تعالى أعلم

---

1 .....ह़िमायत और मदद।

2 ....."صحيح البخاري"، كتاب الأدب، الحديث: ٦٠٠٩، ج٤، ص١٠٣، و"المسند"، الحديث: ١٧٥٩٥، ج٦، ص١٨٣.

3 ....."صحيح البخاري"، الحديث: ٣٣٢١، ج٢، ص٤٠٩، "صحيح مسلم"، كتاب السلام، الحديث: ٢٢٤٥، ص١٢٣٣.

www.dawateislami.net

मस्अला : 7 रबीउ़ल आख़िर शरीफ़ 1321 हिजरी

क्या फ़रमाते हैं उ़लमाए दीन इस मस्अले में कि हिन्दा को जब मरजुल मौत में **अपने मर्ग**[1] का यक़ीन हुवा तो अपने **शोहर ज़ैद को ब मुवाजहए चन्द मौजूदीन, मुख़ातब कर के अ़फ़्वे हुक़ूक़ व तक़्सीरात की मुस्तदई हुई**[2] और अपने **जुम्ला हुक़ूक़**[3] ज़ैद को मुआ़फ़ किये, **दैने महर**[4] को ब तफ़्सील अ़लाहिदा मुआ़फ़ किया, ज़ैद ने भी अपने **हुक़ूक़ व कुसूरे ख़िदमात** की मुआ़फ़ी दी, अब इस सूरत में किसी क़िस्म का मुवाख़ज़ा एक का दूसरे पर **इन्दल्लाह**[5] बाक़ी तो न रहा या **लफ़्ज़े मुजमल "जुम्ला हुक़ूक़ व कुसूर" काफ़ी न था**[6] अ़लाहिदा अ़लाहिदा हर ख़ता व ह़क़ की तशरीह़ ज़रूर थी और ज़ैद दैने महर से बरी हो गया या येह मुआ़फ़ी **ज़मानए मरज़ुल मौत की ह़ुक्मे वसिय्यत में मुतसव्वर हो कर दो सलस का मुवाख़ज़ा दार रहेगा**[7] अगर्चे वुरसा दुन्या में शर्म या रस्म के बाइ़स **मुतक़ाज़ी न हों**[8] بَیِّنُوْا تُؤْجَرُوْا (बयान फ़रमाइये अज्र पाइये, ت)

---

1 .....अपनी मौत ।

2 .....उन लोगों के सामने जो उस वक़्त मौजूद थे अपने शोहर ज़ैद को मुख़ातब कर के अपनी ग़लतियों और कोताहियों की मुआ़फ़ी चाही ।

3 .....तमाम हुक़ूक़ ।

4 .....महर का क़र्ज़ या'नी वोह माल जो शोहर पर महर की मद में लाज़िम था और उस ने अभी तक अदा नहीं किया ।

5 .....अल्लाह तबारक व तआ़ला के नज़्दीक ।

6 .....या मुख़्तसर अल्फ़ाज़ "जुम्ला हुक़ूक़ व कुसूर" कह देना मुआ़फ़ी के लिये काफ़ी न था ।

7 .....ज़मानए मरज़ुल मौत में होने की वज्ह से वसिय्यत के अह़काम लागू होने पर, शोहर महर का दो तिहाई माल अदा करने का ज़िम्मेदार ठहरेगा ।

8 .....इस माल का तक़ाज़ा न करें ।

www.dawateislami.net

अल जवाब

आ़म हुक़ूक़ की मुआ़फ़ी जो ज़ैद ने हिन्दा और हिन्दा ने ज़ैद को की उन में हिन्दा के **हुक़ूक़े मालिया मिस्ले महर व दीगर दुयून की मुआ़फ़ी तो इजाज़ते वारिसाने हिन्दा पर मौक़ूफ़ रहेगी**[1] كـمـا بيّناه في الهبة من "فتاوانا"[2] (जैसा कि हम ने इसे अपने फ़तावा में हिबा के बाब में बयान किया है। ت) उन के सिवा हिन्दा के हुक़ूक़े ग़ैर मालिया और ज़ैद के हुक़ूक़े मालिया व ग़ैर मालिया जो कुछ **मुआ़फ़ कुनिन्दा**[3] ज़ैद ख़्वाह हिन्दा के इ़ल्म में था वोह सब मुआ़फ़ हो गया और जो इ़ल्म में न था मगर मा'मूली हुक़ूक़ सहल व असान से था कि बिल ख़ुसूस मा'लूम होता तो मुआ़फ़ी में **बाक**[4] न होता वोह भी मुआ़फ़ हो गया और जो इतना कसीर या अ़ज़ीम व शदीद था कि अगर तफ़्सीलन बताया जाए तो साहिबे ह़क़ मुआ़फ़ न करे **ऐसे आ़म मुजमल लफ़्ज़ में उन हुक़ूक़ की मुआ़फ़ी हो जाना उ़लमा में मुख़्तलिफ़ फ़ीह है**[5] बा'ज़ ब नज़रे ज़ाहिर लफ़्ज़ सब की मुआ़फ़ी मानते हैं और बा'ज़ बिल ख़ुसूस तफ़्सीलन इन का बता कर मुआ़फी मांगना ज़रूरी जानते हैं **अव्वल औसअ़ है और सानी अह़वत़**[6] ।

"मिनहुर्रौज़ुल अज़्हर" में है :

---

1 .....माली हुक़ूक़ मसलन महर और दूसरे क़र्ज़ों की मुआ़फ़ी तो हिन्दा के वारिसों की इजाज़त पर ठहरेगी।

2 ...... انظر "الفتاوى الرضوية"، كتاب الهبة، ج١٩، ص٢٨٥ و ٣٨٥.

3 .....मुआ़फ़ करने वाले। 4 .....अन्देशा।

5 .....मुख़्तसर अल्फ़ाज़ से मुआ़फ़ी होने या न होने में उ़लमाए किराम के दरमियान इख़्तिलाफ़ पाया जाता है।

6 .....**पहली सूरत** (जिस में मुख़्तसर अल्फ़ाज़ से हुक़ूक़ मुआ़फ़ कराए गए) में इस बात की गुन्जाइश है कि हुक़ूक़ मुआ़फ़ हो भी सकते हैं और नहीं भी जब कि **दूसरी सूरत** (जिस में हुक़ूक़ तफ़्सील से बयान कर के मुआ़फ़ी त़लब की हो) में ज़ियादा एह़तियात़ है कि हुक़ूक़ मुआ़फ़ हो जाएंगे إِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ ।

هل يكفيه أن يقول لك عليّ دين فاجعلني في حلّ أم لا بدّ أن يعيّن مقداره؟ ففي "النوازل": رجل له على آخر دين وهو لا يعلم بجميع ذلك فقال له المديون: أبرئني ممّا لك عليّ، فقال الدائن: أبرأتك، قال نصير: لا يبرأ إلّا عن مقدار ما يتوهّم أي: يظنّ أنّه عليه، وقال محمد بن سلمة: يبرأ عن الكلّ، قال الفقيه أبو الليث: حكم القضاء ما قاله محمد بن سلمة، وحكم الآخرة ما قاله نصير، وفي "القنية": من عليه حقوق فاستحلّ صاحبها ولم يفصّلها فجعله في حلّ يعذر إن علم أنّه لو فصّله يجعله في حلّ وإلّا فلا، قال بعضهم: إنّه حسن وإن روي أنّه يصير في حلّ مطلقاً، وفي "الخلاصة": "رجل قال لآخر: حلّلني من كلّ حقّ هو لك عليّ، وأبرأه إن كان صاحب الحقّ

"क्या मक़रूज़ के लिये येह काफ़ी है कि क़र्ज़ ख़्वाह से कहे कि मुझ पर तुम्हारा क़र्ज़ है मुझे मुआ़फ़ कर दे या ज़रूरी है कि क़र्ज़ की मिक़्दार मुअ़य्यन करे ? "नवाज़िल" में है कि एक आदमी का दूसरे पर क़र्ज़ है और उसे तमाम क़र्ज़ का इ़ल्म नहीं मक़रूज़ उसे कहता है कि तू मुझे अपना क़र्ज़ मुआ़फ़ कर दे, उस ने कहा : मैं ने तुझे मुआ़फ़ कर दिया, नुसैर कहते हैं कि उसी क़दर मुआ़फ़ होगा जितना कि उस के गुमान में था, मुह़म्मद बिन सलमह कहते हैं कि तमाम मुआ़फ़ हो जाएगा, फ़क़ीह अबुल्लैस ने फ़रमाया : क़ाज़ी का फ़ैसला वोही है जो मुह़म्मद बिन सलमह का क़ौल है और आख़िरत का हुक्म वोह है जो नुसैर ने फ़रमाया। "कुनिया" में है कि जिस शख़्स पर किसी के कुछ हुक़ूक़ हों तो वोह साह़िबे ह़क़ से कहे कि मुझे मुआ़फ़ कर दे और हुक़ूक़ की तफ़्सील न करे साह़िबे ह़क़ उसे मुआ़फ़ कर दे तो अगर येह मा'लूम हो कि साह़िबे ह़क़ हुक़ूक़ की तफ़्सील को जान कर भी मुआ़फ़ कर देगा तो मुआ़फ़ हो जाएंगे वरना नहीं।

www.dawateislami.net

